विज्ञापन सं. 02/ उप. न्यायालय/वर्ग ग और घ/2017

महत्वपूर्ण सूचना - कृपया सभी विवरण अत्यंत सावधानी से भरें। फार्म प्रस्तुत करने के बाद अभ्यर्थी किसी भी विवरण को बदल / हटा नहीं सकेंगे।

आवेदन कैसे करें

उ.प्र. राज्य के जिला न्यायालय जो इलाहाबाद के उच्च न्यायालय के न्यायाधिकरण के अधीन हैं, में उत्तर प्रदेश सिविल न्यायालय स्टाफ़ केन्द्रीकृत भर्ती- 2016-17 के तहत विभिन्न वर्गों के काडर पदों को भरने के लिए पात्र भारतीय अभ्यर्थियों से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित के जाते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा।

ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले, सुविधा हेतु, अभ्यर्थी निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन इमेज केवल जेपीजी/जेपीईजी फार्मेट (सॉफ्ट कॉपी में) में तैयार रखेंगे -

(a) हाल ही में खिंची गई रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन प्रति (अधिकतम साइज़ 50KB)

(b) अभ्यर्थी का स्कैन किया गया हस्ताक्षर (अधिकतम साइज़ 20KB)

(c) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

(अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परिणामों की घोषणा किए जाने तक अपने ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर चालू रखें, **क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधिकरण आवेदन तथा परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सूचना / पत्राचार पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर ही भेजेंगे**।

नोट -

1. आवेदन पत्र भरने के बाद, उसमें उल्लिखित विवरण जैसे **अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी** आदि को अंतिम माना जाएगा। फार्म प्रस्तुत करने के बाद अभ्यर्थी किसी भी विवरण को बदल / हटा नहीं सकेंगे।

2. भर्ती की अधिसूचना के अनुसार निर्धारित आवेदन शुल्क, आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचना के बिना भेजे गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बहरहाल, **इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधिकरण** को प्राप्त प्रतिसाद, प्रशासनिक व्यवहार्यता या किसी अपरिहार्य घटना आदि पर निर्भर करते हुए परीक्षा के किसी शहर, केन्द्र को रद्द करने तथा / या कुछ और शहरों / केन्द्रों को शामिल करने का अधिकार होगा ।

3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र अत्यधिक सावधानी के साथ भरें क्योंकि बाद की अवस्था में किसी भी विवरण को बदलने के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन भरने के चरण

अनुदेश और महत्वपूर्ण लिंक में आवेदन पत्र भरने के लिए अभ्यर्थियों को जानकारी दी जाएगी। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उन्हें ध्यान से पढ़ें और निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

चरण 1 - अभ्यर्थियों को सबसे पहले **इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधिकरण** की वेबसाइट **http://www.allahabadhighcourt.in/** में जाना होगा और होमपेज पर भर्ती बटन पर क्लिक करना होगा और उसके बाद उत्तर प्रदेश सिविल न्यायालय स्टाफ़ केन्द्रीकृत भर्ती- 2016-17 से संबंधित सूचना पर क्लिक करना होगा।

चरण 2 - अभ्यर्थियों को निम्नलिखित सूचना वाले वेब पेज में जाने का निर्देश दिया जाएगा -

- विस्तृत विज्ञापन
- आवेदन कैसे करें
- परीक्षा का पाठ्यक्रम
- एकएक्यू
- परीक्षा का शहर

चरण 3 - <u>अभ्यर्थी का पंजीयन</u>

अभ्यर्थी को इंडेक्स पेज में "**नए प्रयोक्ता का पंजीयन**" बटन पर क्लिक करना होगा। यह एक नए पेज में ले जाएगा। सबसे पहले अभ्यर्थी जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं उसके लिए ड्रॉप-डाउन से पद का कोड चुनें।

- पद कोड 01(वर्ग ग)
- पद कोड 02(वर्ग ग)
- पद कोड 03(वर्ग ग)
- पद कोड 04(वर्ग घ)

पद के प्रत्येक कोड के लिए, उप-पद का चयन उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी को अपनी पसंद के अनुसार आवेदन पद की वरीयता चुननी होगी। पद कोड 04 (वर्ग घ) में ही आवेदित पद की ऐसी 5 वरीयताएँ होंगी और "जूनियर हाई स्कूल", "हाई स्कूल" और "कक्षा VI" की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता अनिवार्य होगी जिसे अभ्यर्थी को चुनना होगा। आगे बढ़ने के लिए "आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करें।

चरण 4 - <u>आवेदन पत्र भरना</u>

अभ्यर्थियों को प्राइमरी पेज में निम्नलिखित विवरण भरने होंगे -

1. मूलभूत जानकारी
2. पत्राचार के विवरण
3. शैक्षिक योग्यता
4. वरीयता
   - ✓ परीक्षा के शहर की वरीयता

सभी विवरण दर्ज करने के बाद "आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करें। एक "प्रिव्यू" पेज प्रदर्शित होगा जिसमें अभ्यर्थी उनके द्वारा भरे गए प्राथमिक विवरण को देख सकते हैं। यदि उनमें कोई परिवर्तन करना हो तो अभ्यर्थी "एडिट" बटन क्लिक करते हुए आवश्यक परिवर्तन

कर सकते हैं और "सबमिट" बटन पर क्लिक करते हुए विवरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

<u>महत्वपूर्ण टिप्पणी -</u> अभ्यर्थी को सभी विवरण अत्यंत सावधानी से भरने होंगे। फार्म प्रस्तुत करने के बाद, **अभ्यर्थी किसी भी विवरण को बदल / हटा नहीं सकेंगे।**

एक नया पेज जिसमें पंजीकरण संख्या के विवरण और अभ्यर्थी का नाम होगा, प्रदर्शित होगा। आगे जारी रखने के लिए, अभ्यर्थी "स्टेप 5" में जाने के लिए "लॉगिन" बटन पर क्लिक कर सकते हैं या विज्ञापन के होमपेज में जाने के लिए "होम" बटन पर क्लिक कर सकते हैं। ऐसा करते ही अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नं. और ईमेल आईडी पर उनके पंजीकरण संख्या का एसएमएस या ईमेल प्राप्त होगा। अपने पंजीकरण संख्या को भावी प्रयोग के लिए सुरक्षित रखें।

चरण 5 - <u>फ़ोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना</u>

1. अपने "पंजीकरण संख्या" और "DD/MM/YYYY प्रारूप में अपनी जन्म तिथि" का प्रयोग करते हुए "विद्यमान प्रयोक्ता" द्वारा साइन इन करें।
2. "ब्राउज़" बटन पर क्लिक करें और अपने हाल में खींचे गए रंगीन फोटो (अधिकतम साइज़ 50KB) की स्कैन की गई कॉपी चुनें और "अपलोड फोटो" बटन पर क्लिक करें। "अपलोड फोटो" बटन पर क्लिक करने के बाद, आपकी तस्वीर प्रदर्शित होगी।
3. "ब्राउज़" बटन पर क्लिक करें और अपने हस्ताक्षर (अधिकतम साइज़ 20KB) की स्कैन की गई कॉपी चुनें और "अपलोड सिग्नेचर" बटन पर क्लिक करें। "अपलोड सिग्नेचर" बटन पर क्लिक करने के बाद, आपका हस्ताक्षर प्रदर्शित होगा।
4. अपनी फोटो और हस्ताक्षर सबमिट करने के लिए "सेव एंड नेक्स्ट" बटन पर क्लिक करें, इसके बाद अभ्यर्थी भुगतान की कार्रवाई शुरु कर सकते हैं।
5. सबमिट करने के बाद, फोटो और हस्ताक्षर में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता ।

चरण 6 - <u>भुगतान की अवस्था</u>

1. अभ्यर्थी को भुगतान पेज दिखेगा।
2. "मेक पेमेंट" बटन पर क्लिक करें, इसके बाद आपको एसबीआई का पोर्टल दिखेगा जहाँ आपको निम्नलिखित विवरण दर्ज करने होंगे -
3. एसबीआई के पेज में, अभ्यर्थी को निम्नलिखित विवरण भरने होंगे जो अनिवार्य होंगे -
    1. पंजीकरण संख्या
    2. नाम
    3. मोबाइल नंबर
    4. ईमेल आईडी
    5. आवेदित पद का कोड
    6. वर्ग
    7. राशि

उपर्युक्त विवरण भरने के बाद, अभ्यर्थी को भुगतान का माध्यम चुनना होगा ।

भुगतान का माध्यम - डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग / चालान

नोट - पोर्टल से चालान को डाउनलोड किया जा सकता है और उसे एसबीआई की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है।

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि सही पंजीकरण संख्या दर्ज की जाती है अन्यथा आपके भुगतान का सत्यापन नहीं किया जा सकेगा और

आप आगे की कार्रवाई नहीं कर पाएँगे।

आवेदन शुल्क (ऑनलाइन / ऑफलाइन) का भुगतान करने के दौरान लागू बैंक प्रभार अभ्यर्थी द्वारा वहन किए जाएँगे।

चरण 7 - आवेदन का प्रिंट लेना

1. भुगतान का सत्यापन होने के बाद अभ्यर्थी "विद्यमान प्रयोक्ता" द्वारा लॉगिन कर सकते हैं, इसके बाद अभ्यर्थी का नाम और पंजीकरण संख्या दिखाते हुए एक नया पेज खुलेगा।
2. आवेदन का प्रिंट लेने के लिए उसे डाउनलोड करने हेतु "प्रिंट रजिस्ट्रेशन स्लिप" पर क्लिक करें।

महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ

1. अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है के वे आवेदन पत्र बहुत सावधानी से भरें।
2. **ध्यान रहे कि आवेदन पत्र में सही जगह पर सही दस्तावेज (जैसा बताया गया है) अपलोड किए जाते हैं (फोटो की जगह में फोटो और हस्ताक्षर की जगह पर हस्ताक्षर)।**
3. केवल हाल में खिंचा गया रंगीन फोटो अपलोड करना है।
4. महत्वपूर्ण तारीखों का ध्यान रखें। अपनी पसंद / वरीयता का परीक्षा केन्द्र प्राप्त करने और अंतिम समय की जल्दबाज़ी/ नेटवर्क संबंधी परेशानियों से बचने के लिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे शीघ्र आवेदन करें ।
5. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य में प्रयोग किए जाने हेतु अपने हाल ही में खींचे गए फोटो जिसे आवेदन पत्र में अपलोड किया गया है, की कम से कम 06 प्रतियाँ तैयार रखें।
6. आवेदन शुल्क (ऑनलाइन / ऑफलाइन) का भुगतान करने के दौरान लागू बैंक प्रभार अभ्यर्थी द्वारा वहन किए जाएँगे।
7. किसी प्रकार के विवाद के लिए न्यायालय का अधिकार क्षेत्र इलाहाबाद होगा।
8. अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण सूचना और दिशा-निर्देशों को जानने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधिकरण की वेबसाइट http://www.allahabadhighcourt.in/ नियमित रूप से देखना होगा।
9. इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधिकरण असावधनी के कारण हुई किसी गलती को सुधारने / उसमें संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बहरहाल, अभ्यर्थी द्वारा की गई किसी प्रकार की गलती की जिम्मेदारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधिकरण की नहीं होगी।
10. अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार का पक्ष-प्रचार करना अयोग्यता मानी जाएगी।
11. परीक्षा कक्ष में मोबाइल फ़ोन / संचार उपकरण / साधन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ियाँ और केलकुलेटर आदि लाने की अनुमति नहीं होगी।